सत्यमेव जयते

UPPSC

Uttar Pradesh Public Service Commission

# Download UPPSC/UPPCS Mains 2021 Exam Question Paper

## "Subject : General Studies (Paper 4)"

**Held on 25th March 2022**

No. of Printed Pages : 4

Serial No. 7044514

# SMNPC – 56
# 2021

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – IV)
## GENERAL STUDIES (PAPER – IV)

निर्धारित समय : तीन घंटे]

Time Allowed : Three Hours]

[अधिकतम अंक : 200

[Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – **अ** से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – **ब** से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को **पूर्णत: काट** दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) Any page or portion of the page left blank in the answer booklet must be clearly struck off.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. क्या वैयक्तिक नैतिकता का प्रभाव लोक–जीवन के निर्णयों पर पड़ता है ? **8**
Does individual morality have a bearing effect on the decision of public life ?

2. महात्मा गाँधी के मत के अनुसार वे कौन–से आवश्यक सद्‌गुण हैं जो एक आदर्श मानवीय नैतिक व्यवहार हेतु उत्तरदायी होते हैं ? विवेचना कीजिए । **8**
What are the essential virtues which are responsible for an ideal human ethical behaviour according to Mahatma Gandhi ? Discuss.

3. "भ्रष्टाचार सरकारी राजकोष का दुरुपयोग, प्रशासन की अक्षमता एवं राष्ट्रीय विकास में बाधा उत्पन्न करने का कारण है ।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार रोकने के उपाय बताइए । 8

"Corruption causes misuse of government treasury, administrative inefficiency and obstruction in national development". Give suggestions for prevention of corruption in public life in the context of the statement given.

4. लोक सेवा के सन्दर्भ में निम्नलिखित की प्रासंगिकता का निरूपण कीजिए : 8
   (a) नैतिक शासन
   (b) लोक जीवन में सत्यनिष्ठा ।

   Describe the relevance of the following in the context of civil services :
   (a) Ethical governance
   (b) Probity in public life.

5. दुग्ध व्यवसायियों के संगठन द्वारा एक शांतिपूर्ण धरना दिया जा रहा था । पुलिस अधीक्षक पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हैं कि संगठन को किसी प्रकार की हिंसा न करने दें । पुन: वे कहते हैं कि यदि आवश्यकता हो, तो उन्हें 'पाठ पढ़ा दें' । एक तैनात पुलिस कर्मी धरना देने वाले एक व्यक्ति से बहस करता है और पिटायी कर देता है । कारण पूछे जाने पर वह कहता है कि पुलिस अधीक्षक ने पाठ पढ़ाने के लिए कहा था । उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस कर्मी के नैतिक आचरण पर टिप्पणी लिखिए । 8

A peaceful protest was being carried out by a group of milk traders. The Superintendent of Police instructs the Police Officials to prevent the group from committing any type of violence. He, however tells them to 'teach them a lesson', if situation warrants. A Police Official on duty indulges into an argument with a protestor and beats him up. When inquired about his action, he says that he was told to teach them a lesson by the Superintendent of Police. Give your comment on ethical behaviour of both the Superintendent of Police and the Police Official in the light of above mentioned incident.

6. मनोवृत्ति को परिभाषित कीजिए तथा मनोवृत्ति एवं अभिक्षमता के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य सम्बन्धों की विवेचना कीजिए । 8

Define attitude in historical perspective and discuss the relationship between aptitude and attitude.

7. सहानुभूति को परिभाषित कीजिए और कमजोर वर्ग की समस्याओं के समाधान में सहानुभूति की भूमिका का विवेचना कीजिए । 8

Define empathy and discuss the role of empathy in solving problems of weaker section.

8. "संवेगात्मक बुद्धि प्रभावशाली कार्यप्रणालियों में बहुत आवश्यक है" – इस कथन पर प्रकाश डालिए । 8

"Emotional intelligence is very important in effective administrative practices". Throw light on this statement.

9. लोक सेवकों के अन्दर सहनशीलता तथा करुणा को कैसे पोषित किया जा सकता है ? अपना सुझाव दीजिए । 8
How can tolerance and compassion be fostered among civil servants ? Give your opinion.

10. विभेद कीजिए :
(i) वस्तुनिष्ठता एवं निष्ठा में
(ii) अभिवृत्ति की संरचना एवं प्रकार्यों में । 8
Differentiate between :
(i) Objectivity and dedication
(ii) Structure and functions of attitudes.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. भारतीय समाज में परम्परागत मूल्य क्या हैं ? आधुनिक मूल्यों से इसकी क्या भिन्नता है ? व्याख्या कीजिए । 12
What are the traditional values in Indian society ? How does it differ from modern values ? Explain.

12. निजी क्षेत्र की नैतिक विकृतियाँ क्या हैं ? नैतिक जीवन के तीन विकल्पों का वर्णन कीजिए । 12
What are the ethical perversions of private sector ? Describe the three options of ethical life.

13. वर्तमान प्रशासनिक संरचना में गुणात्मक सेवा प्रदान करने के लिए क्या कार्य–संस्कृति में बदलाव आवश्यक है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । 12
Is change in work – culture necessary for providing quality service delivery in present administrative structure ? Answer with arguments.

14. क्या लोक–प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण आवश्यक है ? लोक–प्रशासन पर संभावित न्यायिक नियंत्रण के विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए । 12
Is judicial control necessary in Public Administration ? Explain the various possible forms of judicial control over the Public Administration.

15. राम मूर्ति एक सरकारी कर्मचारी हैं तथा अपने वृद्ध माता–पिता के साथ इंदौर में रहते हैं । एक दिन भ्रमण के दौरान 11 वर्ष के एक अनाथ बालक से उनकी मुलाकात हो जाती है । वह दयनीय स्थिति में एक बेघर बालक था, जिसकी देख–भाल करने वाला कोई नहीं था । राम मूर्ति उस बालक को अपने घर ले आते हैं और प्रस्ताव रखते हैं कि यदि वह राम मूर्ति के वृद्ध माता–पिता की देखभाल करेगा, तो वे उसकी आवश्यकतानुसार दैनिक मजदूरी देंगे तथा शिक्षा की भी व्यवस्था करेंगे । नैतिक दृष्टिकोण से राम मूर्ति के आचरण का मूल्यांकन कीजिए । 12
Ram Murti is a Government servant and lives with his old aged parents in Indore. One day during a field-visit he meets a 11 year old orphan boy. He was in a miserable condition and homeless, with no one to take care of him. Ram Murti brings the boy to home and proposes him that if he takes care of his aged parents, he will give him daily wage according to his needs and will arrange for his education too. Evaluate Ram Murti is conduct from ethical perspective.

16. मानव के नैतिक एवं राजनैतिक अभिवृत्ति से आप क्या समझते हैं ? आप इन्हें वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में किस प्रकार उचित सिद्ध करेंगे ? 12

What do you understand by moral and political attitude of human ? How will you justify these in the present political scenario ?

17. लिंग सम्बन्धी नकारात्मक अभिवृत्ति के मूल कारणों की विवेचना कीजिए । यह इतनी दृढ़ क्यों है ? 12

Discuss the root causes of gender related negative attitude. Why is it so rigid ?

18. सामाजिक समस्या के प्रति व्यक्ति की मनोवृत्ति निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों की उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से विवेचना कीजिए । 12

Discuss the factors which influence the formation of individual's attitude towards social problems with the help of suitable examples.

19. 'आज लोक सेवाओं में वस्तुनिष्ठता एवं निष्ठा समय की मांग है' – कथन को सिद्ध कीजिए । 12

'Today objectivity and dedication is the need of the hour in civil services'. – Justify the statement.

20. राजीव एक प्रवासी श्रमिक था । एक दिन जब वह सायिकिल से रोड पर जा रहा था, तो एक कार ने उसकी सायिकिल को धक्का मार दिया । राजीव ने कार चालक को कार से बाहर खीचकर निकाला तथा उसे गालियाँ देने लगा । कार चालक ने एक छुरा निकाला तथा छुरे से उस पर तीन–चार बार वार (घोंप) कर वहाँ से भाग गया । तमाशबीनों ने राजीव को अस्पताल पहुँचाने में देर करने तथा अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मृत्यु हो गयी । यदि राजीव के स्थान पर आप होते, तो कार चालक की इस गैर जिम्मेदार ड्राइविंग के प्रति आप क्या करते ? इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं तथा दुर्घटना पीडितों के प्रति लोग बहुधा उदासीन या निष्क्रिय अभिवृत्ति का प्रदर्शन करते हैं । इसके कारणों की विवेचना कीजिए तथा इसके निवारण हेतु उपयों को सुझाइए । 12

Rajeev was a migrant labour. One day when he was going on the road by his bicycle, a car pushed his bicycle. Rajeev dragged the driver out of car and began abusing him. The driver took out a knife and after stabbing him three-four times he fled away from the spot. Onlookers delayed rush Rajeev to hospital and due to excessive bleeding, he died. If you were in place of Rajeev, what would you have done for driver's irresponsible driving ? Often people show indifferent or passive attitude towards such road accidents and accident victims. Discuss its causes and suggest the remedies.

---

# Dhyeya IAS Now on Telegram




Join Dhyeya IAS Telegram Channel from link the given below

https://t.me/dhyeya_ias_study_material

**नोट : पहले अपने फ़ोन में टेलीग्राम App Play Store से Install कर ले उसके बाद लिंक में क्लिक करें जिससे सीधे आप हमारे चैनल में पहुँच जायेंगे।**

You can also join Telegram Channel through our website

www.dhyeyaias.com

www.dhyeyaias.com/hindi


ध्येयIAS most trusted since 2003

**Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009**
**Phone No: 9205274741, 9205274742, 9205274744**

# Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter (ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

**नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |**




ध्येयIAS
most trusted since 2003

**Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009**
**Phone No: 9205274741, 9205274742, 9205274744**